माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 693 / 02 / सम्ब0 / MSU / 2024–25 दिनांक: 26/07/24

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्व बी0एड0 महाविद्यालय।

विषयः– महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता हेतु बंधक प्राभूत राशि की मूल प्रति जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या : 1160 / 02 / सम्ब0 / MSU / 2023–24, दिनांक : 20.09.2023 एवं पत्र संख्या–629 / 02 / सम्ब0 / MSU / 2024–25, दिनांक : 19.07.2024 के द्वारा महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की पाठ्यक्रमवार प्राभूत राशि (एफ0डी0) कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के पक्ष में बंधक (Pledge) कराकर मूलरूप में विश्वविद्यालय में अविलम्ब जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अधिकांश बी0एड0 महाविद्यालयों द्वारा अभी तक प्राभूत राशि (एफ0डी0) विश्वविद्यालय में प्रेषित नहीं की गई है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जिन बी0एड0 महाविद्यालयों द्वारा अभी तक प्राभूत राशि (एफ0डी0) मूल रूप में विश्वविद्यालय में जमा नहीं की गई है वह कल दिनांक : 27.07.2024 को अपरान्ह् 02:00 बजे तक प्राभूत राशि (एफ0डी0) मूल रूप में विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। जिन महाविद्यालयों द्वारा प्राभूत राशि (एफ0डी0) मूल रूप में विश्वविद्यालय में जमा नहीं करायी जायेगी, उन महाविद्यालयों का नाम बी0एड0 काउंसलिग शैक्षणिक सत्र 2024–26 के लिए प्रेषित नहीं किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. गार्ड फाईल।

उपकुलसचिव

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 629 / 02 / सम्ब0 / MSU / 2024–25 दिनांक 19.07.24

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।

विषय – महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता हेतु बंधक प्राभूत राशि की मूल प्रति जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 1160 / 02 / सम्ब0 / MSU / 2023–24, दिनांक : 20.09.2023 के द्वारा महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की पाठ्यक्रमवार प्राभूत राशि (एफ0डी0) कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के पक्ष में बंधक (Pledge) कराकर मूलरूप में विश्वविद्यालय में दिनांक : 03 अक्टूबर, 2023 तक जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अभी तक संचालित पाठ्यक्रमों की पाठ्यक्रमवार प्राभूत राशि (एफ0डी0) विश्वविद्यालय में प्रेषित नहीं की गई है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि बी0एड0, बी0पी0एड0, एम0पी0एड0 एम0एड0, एल0एल0बी0 एवं एल0एल0एम0 किसी भी संस्था द्वारा प्राभूत राशि (एफ0डी0) मूल रूप में विश्वविद्यालय में जमा नहीं की गई है। जिस पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा अभी तक संचालित पाठ्यक्रमों की पाठ्यक्रमवार प्राभूत राशि (एफ0डी0) मूल रूप में विश्वविद्यालय में जमा नहीं की गई है वह अविलम्ब संचालित पाठ्यक्रमों की पाठ्यक्रमवार प्राभूत राशि (एफ0डी0) मूल रूप में विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। जिन बी0एड0 महाविद्यालयों द्वारा प्राभूत राशि विश्वविद्यालय में जमा नहीं करायी जायेगी, उन बी0एड0 महाविद्यालयों का नाम बी0एड0 काउंसलिंग शैक्षणिक सत्र 2024–26 के लिए प्रेषित नहीं किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. गार्ड फाईल।

उपकुलसचिव